जरिये ई मेल

कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर।

कमांक :– 42 दिनांक:– 26-08-2025

–:: कार्यालय – आदेश ::–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के पत्र कमांक Reg-CPC/ Ecourts/2016/599 Dated 09.06.2016 एवं माननीय जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर के कार्यालय आदेश स्था./2021/104 दिनांक 03.07.2021 के द्वारा धौलपुर न्याय क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सैशन न्यायालय, विशेष न्यायालयों, अपर सेशन न्यायालयों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायालयों के इंतजार नतीजा में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे मुलजिमान की विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से न्यायिक अभिरक्षा की अवधि बढाने के लिये श्रीमती शैला फौजदार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को दिनांक 01.09.2025 से दिनांक 31.10.2025 तक दो माह सितम्बर 2025 व अक्टूबर 2025 के लिये समय सुबह 12.00 पी.एम. से 1.30 पी.एम. के लिये अधिकृत किया जाता है।

श्रीमती शैला फौजदार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर के उक्त अवधि में किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में उक्त कार्य हेतु सुश्री करूणा न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–2 धौलपुर को उनके भी अनुपस्थित रहने की दशा में सुश्री सुमन मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को अधिकृत किया जाता है। उक्त सभी के किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर द्वारा उक्त कार्य संपादित किया जावेगा।

नोट :– सभी न्यायालयों के रीडर उन प्रकरणों का न्यायिक अभिरक्षा वारंट जिसमें नतीजा पेश नहीं हुआ है, को माह सितम्बर 2025 व अक्टूबर 2025 में समय 12.00 ए.एम. तक वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में पहुॅचावे तथा बाद कार्यवाही उक्त न्यायिक अभिरक्षा वारंटों को वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।

कमांक :– रीडर/2025/855 दिनांक :– 26-08-2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर।
2. श्रीमान् समस्त पीठासीन अधिकारीगण, धौलपुर न्यायक्षेत्र, धौलपुर।
3. अधीक्षक, जिला कारागृह, धौलपुर।
4. सर्वर रूम, धौलपुर को वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
5. आदेश पत्रावली।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।